इन मुठभेड़ों में 24 की मौत हुई और 515 गिरफ्तार किए गए। डीजीपी ने बताया था कि गिरफ्तार किए गए 515 गैंगस्टरों में से 319 को गोली लगी। यह बयान उस समय आया जब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पंजाब के गृह सचिव को “राज्य प्रायोजित फर्जी मुठभेड़ों” के आरोपों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) दाखिल करने का नोटिस जारी किया था।

दो महीने बीतने के बाद भी राज्य सरकार ने कोई जवाब दाखिल नहीं किया है।

तीन महीनों में 34 और मुठभेड़ें

डीजीपी के बयान के बाद भी मुठभेड़ों का सिलसिला जारी रहा। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच तीन महीनों में पंजाब पुलिस ने 34 मुठभेड़ों की रिपोर्ट दी — यानी औसतन हर तीन दिन में एक। इनमें पांच की मौत हुई और 45 घायल हुए। इनमें से 15 मुठभेड़ें केवल जनवरी महीने में हुईं।

इन मुठभेड़ों में कई समानताएं सामने आईं। पुलिस का सबसे सामान्य तर्क “आत्मरक्षा” (सेल्फ-डिफेंस) रहा। एक-तिहाई से अधिक मुठभेड़ें तब हुईं जब आरोपी पहले से पुलिस हिरासत में थे और उन्हें हथियार बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था। कई मामलों में पुलिस ने कहा कि “हथकड़ी लगे” आरोपियों ने छिपाया हुआ हथियार निकालकर फायरिंग कर दी।

कई मामलों में पुलिसकर्मी भी घायल हुए

कम से कम आठ मामलों में पुलिस ने दावा किया कि उन पर अंधाधुंध फायरिंग की गई, लेकिन पुलिसकर्मी बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से बच गए। कई बार गोलियां पुलिस वाहनों को लगीं। कई मामलों में पुलिसकर्मी घायल भी हुए।

लगभग आधे मामलों में पुलिस ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर नाका लगाया गया और मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार अधिकतर आरोपियों को पैरों या टांगों में गोली मारी गई, वह भी चेतावनी देने के बाद। बरामद हथियार अधिकतर .30 या .32 बोर के बताए गए।

सबसे ज्यादा मुठभेड़ें अमृतसर में हुईं, जहां 9 मामले सामने आए। जबकि, लुधियाना में 5 और पटियाला, बटाला, खन्ना, फिरोजपुर, मोहाली, तरनतारन और जालंधर में दो-दो घटनाएं दर्ज की गईं।

जुलाई 2025 के आधार पर वकील ने किया एनएचआरसी का रुख

जुलाई 2025 में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि साल के पहले सात महीनों में 20 मुठभेड़ें हुईं, जिनमें आरोपी पहले से हिरासत में थे। इन्हीं घटनाओं के आधार पर एक वकील ने एनएचआरसी का रुख किया था।

वकील निखिल सराफ ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, मुठभेड़ में गंभीर चोट लगने पर एफआईआर दर्ज करना और वरिष्ठ अधिकारी से जांच कराना अनिवार्य है। मौत की स्थिति में मजिस्ट्रेट जांच जरूरी है, लेकिन पंजाब में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा।

Panchjanya, Online News, 20/02/2026

Source: https://panchjanya.com/2026/02/19/458908/bharat/nhrc-action-against-ngo-name-logo-misuse/

नाम और लोगो के दुरुपयोग पर NHRC सख्त, राज्यों को दिए सख्त निर्देश

एजेंसी 19 फ़रवरी 2026

नई दिल्ली (हि.स.) । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिया है जो आयोग के नाम, लोगो और पदनामों का दुरुपयोग करके जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इस मामले को लेकर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सख्त कार्रवाई तथा दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

भ्रामक नामों से जनता को भ्रमित करने का आरोप

आयोग ने गुरुवार को बताया कि कई एनजीओ खुद को राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद जैसे नामों से पंजीकृत करवा रहे हैं, जो सुनने में आधिकारिक वैधानिक निकाय जैसा लगता है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ये संगठन अध्यक्ष जैसे पदनामों का उपयोग कर जनता में भ्रम पैदा कर रहे हैं। इन भ्रामक नामों के कारण लोग इन्हें आयोग का हिस्सा या उससे मान्यता प्राप्त समझ लेते हैं। इससे न केवल जनता का विश्वास कम हो रहा है बल्कि धन के गबन और जनादेश के दुरुपयोग की भी आशंका है।

दिल्ली में पंजीकरण, कर्नाटक में गतिविधि का मामला

आयोग के अनुसार हाल ही में एक मामला सामने आया है जहां “राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद” नाम का एक एनजीओ दिल्ली में पंजीकृत पाया गया जबकि वह कर्नाटक में सक्रिय है। इसके प्रचार सामग्री में नीति आयोग और विभिन्न मंत्रालयों से संबद्ध होने के बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को इस एनजीओ के पंजीकरण और गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

सभी राज्यों को नोटिस और सख्त कार्रवाई के निर्देश

इन मामलों के मद्देनजर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और डीजीपी को नोटिस जारी करके निर्देश दिया है कि आयोग के नाम या लोगो का दुरुपयोग करने वाले व्यक्तियों और संगठनों की तत्काल पहचान की जाए। नियमों का उल्लंघन कर प्राप्त किए गए ऐसे पंजीकरण को तुरंत रद्द किया जाए। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पंजीकरण अधिकारियों को भविष्य के लिए सतर्क किया जाए।

Dainik Bhaskar, Online News, 20/02/2026

Source:
https://www.bhaskar.com/local/chhattisgarh/ambikapur/news/balrampur-hanspur-murder-case-charan-das-mahant-nhrc-137245540.html

हंसपुर हत्याकांड;महंत ने मानवाधिकार आयोग से की जांच की मांग:टीएस सिंहदेव बोले-न्याय में देरी अन्याय के बराबर,अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके बेटे

सरगुजा/बलरापुर 6 घंटे पहले

बलरामपुर के हंसडांड में एसडीएम और गुर्गों की पिटाई से ग्रामीण की मौत के मामले में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष के इस कदम का स्वागत करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि न्याय में देरी अन्याय के बराबर है। मामले में एसडीएम और उनके साथियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है।

रविवार को हंसपुर में बाक्साइट के अवैध उत्खनन के विवाद पर कुसमी एसडीएम करुण डहरिया और गुर्गों ने तीन ग्रामीणों की पिटाई कर दी थी। इनमें एक ग्रामीण राम नरेश उरांव (60 वर्ष) की मौत हो गई थी। दो अन्य घायलों का इलाज कुसमी हॉस्पिटल में किया जा रहा है। मामले की जांच के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने जांच कमेटी भी बनाई है।

महंत ने मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखा है। महंत ने इस घटना को मानवता पर कलंक बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. चरणदास महंत ने अपने पत्र में लिखा है कि हंसपुर गांव में एसडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा की गई प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान कथित रूप से अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक निर्दोष बुजुर्ग आदिवासी की मौत हो गई। यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर है, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर है।

सिंहदेव बोले-न्याय में देरी अन्याय के बराबर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए नेता प्रतिपक्ष की पहल का स्वागत किया है। सिंहदेव ने कहा है कि बलरामपुर के हंसपुर में आदिवासियों पर हुई बर्बर कार्रवाई और एक व्यक्ति की मौत मूलनिवासियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल है। अगर प्रशासनिक बल प्रयोग से जान गई है, तो यह सीधी मानवाधिकार उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

अवैध खनन प्रशासन की शह पर चलने और आदिवासियों पर अत्याचार - ये सब एक ही सिस्टम फेल्योर की कड़ियां हैं। दोषियों की पहचान कर सख़्त से सख़्त सज़ा होनी चाहिए, पीड़ित परिवार के लिए तुरंत न्याय सुनिश्चित किया जाए।

हंसपुर में बाक्साइट के अवैध उत्खनन के मिले सबूत हंसपुर में बड़े पैमाने पर बाक्साइट का अवैध उत्खनन के सबूत मिले हैं। यहां मशीनें लगाकर जंगल में बाक्साइट की अवैध माइनिंग की जा रही थी। इसमें डाल्टेनगंज के राहुल जायसवाल की भूमिका बताई गई है, जिससे एसडीएम का सीधा संपर्क बताया गया है। अवैध उत्खनन का ग्रामीण विरोध कर रहे थे, जो घटना की वजह बना।

पिता के अंतिम संस्कार में नहीं पहुंच सके दो बेटे हंसपुर में मारे गए ग्रामीण राम नरेश उरांव के शव का मंगलवार शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके दो बेटे किशुन राम और संजय बुधवार रात वापस गांव पहुंचे। वे दोनों पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। दोनों छह माह से काम करने चेन्नई गए थे। पिता की हत्या की सूचना पर दोनों वापस लौटे हैं।

मामले की जांच के लिए कांग्रेस की टीम भी गांव में पहुंचेगी। ग्रामीणों ने मामले में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

Dainik Bhaskar, Online News, 20/02/2026

Source: https://www.bhaskarhindi.com/city/new-delhi/new-delhi-news-nhrc-takes-suo-motu-cognizance-of-misuse-of-its-name-and-logo-by-ngo-1254663

New Delhi News: एनएचआरसी ने अपने नाम और लोगों का एनजीओ द्वारा दुरुपयोग का लिया स्वतः संज्ञान

19 Feb 2026 5:57 PM

राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी को संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

दुरुपयोग का लिया स्वतः संज्ञान

New Delhi News. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपने नाम और लोगो (प्रतीक चिन्ह) के गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा दुरुपयोग किए जाने के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को आदेश दिया है कि वे एनएचआरसी के नाम और प्रतीक चिन्ह का दुरुपयोग करने वाले या इससे मिलते-जुलते भ्रामक नामों का उपयोग करने वाले एनजीओ या व्यक्तियों की पहचान कर दो सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करें।

आयोग ने मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को नियमों का उल्लंघन कर प्राप्त किए गए पंजीकरणों को रद्द करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही, पंजीकरण अधिकारियों को सतर्क रहने और उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध उचित कदम उठाने को भी कहा गया है। दरअसल, आयोग को देशभर से आम आदमी और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन शिकायतों की जांच करते हुए आयोग ने पाया है कि कई गैर-सरकारी संगठनों ने एनएचआरसी के नाम से मिलते-जुलते भ्रामक नामों से अपना पंजीकरण करा लिया है।

हाल ही में, आयोग को "राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद (एनएचआरसी)" के रूप में पंजीकृत एक एनजीओ के बारे में पता चला, जो कथित तौर पर 2022 में दिल्ली सरकार से पंजीकृत है। आयोग का मानना है कि इस तरह के भ्रामक नामों का जारी रहना जनता के विश्वास को कम कर सकता है और सार्वजनिक अधिकारियों के लिए एनएचआरसी जैसे वैधानिक निकाय और गैर-सरकारी संगठनों के बीच अंतर करने में भ्रम पैदा कर सकता है।

Source: https://khabarchalisa.com/balrampur-hanspur-death-case-nhrc-probe-demand-2026/

HANSPUR DEATH CASE : महंत ने NHRC से जांच मांगी, सिंहदेव बोले – न्याय में देरी अन्याय

By: KC NEWS
Date: February 19, 2026
HANSPUR DEATH CASE : Mahant seeks NHRC probe, Singhdeo says justice delayed is injustice
रायपुर। बलरामपुर जिले के हंसपुर में एसडीएम और कथित गुर्गों की पिटाई से एक ग्रामीण की मौत के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखा है।
महंत ने घटना को "मानवता पर कलंक" बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग से एक बुजुर्ग आदिवासी की मौत होना बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण है।
क्या है पूरा मामला?
रविवार को हंसपुर में बाक्साइट के कथित अवैध उत्खनन को लेकर विवाद के दौरान कुसमी एसडीएम करुण डहरिया और उनके साथियों पर तीन ग्रामीणों की पिटाई का आरोप है। इस घटना में 60 वर्षीय राम नरेश उरांव की मौत हो गई, जबकि दो अन्य ग्रामीणों का इलाज कुसमी अस्पताल में चल रहा है।
मामले में एसडीएम और उनके साथियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जांच के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने भी एक कमेटी गठित की है।
सिंहदेव का बयान
पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "न्याय में देरी अन्याय के बराबर है।" उन्होंने कहा कि अगर प्रशासनिक बल प्रयोग से किसी की जान गई है तो यह सीधा मानवाधिकार उल्लंघन है। दोषियों को सख्त सजा और पीड़ित परिवार को तुरंत न्याय मिलना चाहिए।
अवैध खनन के आरोप
ग्रामीणों का आरोप है कि हंसपुर में बड़े पैमाने पर मशीनों के जरिए जंगल क्षेत्र में बाक्साइट का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इस अवैध माइनिंग का ग्रामीण विरोध कर रहे थे, जिसके बाद विवाद बढ़ा। मामले में बाहरी लोगों की संलिप्तता की भी चर्चा है।
अंतिम संस्कार में नहीं पहुंच सके बेटे
मृतक राम नरेश उरांव का अंतिम संस्कार मंगलवार शाम कर दिया गया। उनके दो बेटे, जो छह महीने से चेन्नई में काम कर रहे थे, सूचना मिलने पर गांव लौटे लेकिन पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके।
गांव में आक्रोश बना हुआ है और ग्रामीणों ने घटना में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।

Dainik Bhaskar, Online News, 20/02/2026

Source: https://www.bhaskarhindi.com/other/hindi-states-told-to-crack-down-on-imposters-ngos-using-names-identical-to-nhrc-20260219150004-1254622

राज्य एनएचआरसी जैसे नाम इस्तेमाल करने वाले धोखेबाजों और एनजीओ पर कार्रवाई करें

19 Feb 2026 4:53 PM

नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (एनएचआरसी) ने गुरुवार को धोखेबाजों और ऐसे एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी, जिन्होंने धोखे से उससे मिलते-जुलते नामों से खुद को रजिस्टर करवाया है। सभी राज्यों को उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

नई दिल्ली, 19 फरवरी (आईएएनएस)। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (एनएचआरसी) ने गुरुवार को धोखेबाजों और ऐसे एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी, जिन्होंने धोखे से उससे मिलते-जुलते नामों से खुद को रजिस्टर करवाया है। सभी राज्यों को उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक बयान में कहा कि एनएचआरसी ने सभी राज्यों से दो सप्ताह के अंदर एक्शन-टेकन रिपोर्ट मांगी है। हाल ही में, कमीशन को 'नेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल (एनएचआरसी)' के नाम से रजिस्टर्ड एक एनजीओ का पता चला, जो कथित तौर पर 2022 में दिल्ली एनसीटी सरकार के साथ रजिस्टर्ड था, एनएचआरसी ने लोगों से मिली शिकायतों की ओर इशारा करते हुए कहा।

राइट्स पैनल के बयान में कहा गया है कि इस एनजीओ के पब्लिसिटी मटीरियल में दावा किया गया है कि यह नीति आयोग सरकार द्वारा रजिस्टर्ड है, मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, इंडिया द्वारा रजिस्टर्ड है, मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तहत रजिस्टर्ड है, और आंध्र प्रदेश ह्यूमन राइट्स काउंसिल एसोसिएशन से जुड़ा हुआ है।

एनएचआरसी के बयान में कहा गया है कि उस ऑर्गनाइजेशन से जुड़े एक विजिटिंग कार्ड पर भी 'वेंकटेश, स्टेट चेयरमैन, कर्नाटक' लिखा हुआ है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, उसने मामले का खुद संज्ञान लिया है। उसने कहा कि अपनाया गया नाम और डेजिग्नेशन 'चेयरमैन' गुमराह करने वाला है और कन्फ्यूजन पैदा करता है। इसमें कहा गया है कि गलत नामों से लोगों को यह यकीन हो जाता है कि ये संगठन या तो एनएचआरसी का हिस्सा हैं या ह्यूमन राइट्स के मामलों से निपटने के लिए उससे मान्यता प्राप्त/अधिकृत हैं।

कमीशन का मानना है कि ऐसे गलत नामों के चलते लोगों का भरोसा कम हो सकता है, काम का गलत इस्तेमाल हो सकता है, फंड की हेराफेरी हो सकती है और सरकारी अधिकारियों को एनएचआरसी जैसी कानूनी संस्था और एनजीओ के बीच फर्क करने में कन्फ्यूजन हो सकता है, बयान में कहा गया है।

एनएचआरसी ने कहा कि उसने पहले भी अपने नाम और लोगो के गलत इस्तेमाल को लेकर अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर चिंता जताई थी और संबंधित अधिकारियों को ऐसे संदिग्ध संगठनों के पीछे के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था।

इसमें कहा गया, 'हालांकि, उल्लंघन हमारे ध्यान में आते रहते हैं।' इसलिए, कमीशन ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस डायरेक्टर जनरल को नोटिस जारी किया है कि वे ऐसे एनजीओ/लोगों की पहचान करें जो एनएचआरसी के नाम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं या धोखे से मिलते-जुलते नामों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन पर दो सप्ताह के अंदर तुरंत कानूनी कार्रवाई करें, जिसमें नियमों का उल्लंघन करके हासिल किए गए रजिस्ट्रेशन को कैंसिल करना भी शामिल है। उनसे यह भी कहा गया है कि वे रजिस्टरिंग अधिकारियों को सतर्क रहने और डिफॉल्टरों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करने के लिए जागरूक करें।

इसके अलावा, एनएचआरसी के इस मामले में, कर्नाटक के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस डायरेक्टर जनरल और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस कमिश्नर को दो सप्ताह के अंदर एनजीओ के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है, जिसका ऑफिस कर्नाटक में है और जो दिल्ली में रजिस्टर्ड है।

Source: https://www.cgmp.co.in/leader-of-opposition-chhattisgarh-assembly-wrote-a-letter-to-nhrc-demanding-independent-investigation-into-tribal-death-in-hanspur-village/149417/

नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने NHRC को पत्र लिखकर हंसपुर गांव में आदिवासी मौत की स्वतंत्र जांच की मांग की

Dipesh Kushwaha | February 19, 2026

रायपुर/बलरामपुर। डॉ.चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) नई दिल्ली को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में एक आदिवासी ग्रामीण की मौत का स्वतंत्र और विस्तृत जांच की मांग की है।

डॉ.चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने पत्र लिखकर कहा कि बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में एक जनजातीय ग्रामीण की मौत में स्वतंत्र और विस्तृत पूछताछ के लिए ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जो हंसपुर गांव में हुई एक गहरी दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर घटना पर आकर्षित करना चाहता हूं। बलरामपुर जिला छत्तीसगढ़ जिसने कथित रूप से प्रशासनिक कार्रवाई के कारण एक जनजातीय ग्रामीण की मौत के परिणामस्वरूप किया है। जैसा कि बताया गया है प्रश्न में कार्रवाई में नागरिकों की रक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बल का अत्यधिक उपयोग शामिल था और इसके परिणामस्वरूप निर्दोष जनजातीय निवासी की मौत हो गई। इस घटना ने स्थानीय समुदायों और नागरिक समाज के बीच एकजुट रूप से पीड़ा और संकट उत्पन्न किया है, प्रशासनिक आचरण, जवाबदेही और मौलिक मानवाधिकारों की सुरक्षा के बारे में गंभीर प्रश्न उठाए हैं। यदि सत्यापित किया गया है तो इस तरह के कार्यों को मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन होगा और किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत स्वीकार्य नहीं होगा। मैं दृढ़ता से मानता हूं कि न केवल तथ्यों को स्थापित करने के लिए एक व्यापक, निष्पक्ष, और उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है, बल्कि कानून के शासन में न्याय और सार्वजनिक विश्वास सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ! 01. सभी भौतिक तथ्यों का पता लगाने के लिए पूरे प्रकरण में एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच शुरू करें। 02. जिम्मेदार अधिकारियों या व्यक्तियों की पहचान करें जिनके कार्यों या चूकों ने घटना में योगदान दिया। 03. उचित कानूनी और प्रशासनिक सलाह दें उन सभी के खिलाफ कार्रवाई जो जिम्मेदार पाए गए हैं। 04. पीड़ित के परिवार को तत्काल मुआवजे और समर्थन सुनिश्चित करें। 05. घटना से प्रभावित किसी भी घायलदार ग्रामीणों के लिए उचित उपचार और पुनर्वास सुनिश्चित करें आयोग इस मामले को अत्यंत तत्कालता के साथ मानेंगे अपने मौलिक सार्वजनिक हित और मानवाधिकार संरक्षण के लिए प्रभावों को ध्यान में रखते हुए।

Source: https://smartkhabari.com/threads/9665/

फर्जी NHRC नाम से ठगी पर आयोग सख्त, राज्यों को दो हफ्ते में एक्शन रिपोर्ट देने का फरमान

Thread starter IANS
Start date आज 4:54 PM बजे

नई दिल्ली, 19 फरवरी। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (एनएचआरसी) ने गुरुवार को धोखेबाजों और ऐसे एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी, जिन्होंने धोखे से उससे मिलते-जुलते नामों से खुद को रजिस्टर करवाया है। सभी राज्यों को उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने एक बयान में कहा कि एनएचआरसी ने सभी राज्यों से दो सप्ताह के अंदर एक्शन-टेकन रिपोर्ट मांगी है।
हाल ही में, कमीशन को 'नेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल (एनएचआरसी)' के नाम से रजिस्टर्ड एक एनजीओ का पता चला, जो कथित तौर पर 2022 में दिल्ली एनसीटी सरकार के साथ रजिस्टर्ड था, एनएचआरसी ने लोगों से मिली शिकायतों की ओर इशारा करते हुए कहा।
राइट्स पैनल के बयान में कहा गया है कि इस एनजीओ के पब्लिसिटी मटीरियल में दावा किया गया है कि यह नीति आयोग सरकार द्वारा रजिस्टर्ड है, मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, इंडिया द्वारा रजिस्टर्ड है, मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तहत रजिस्टर्ड है, और आंध्र प्रदेश ह्यूमन राइट्स काउंसिल एसोसिएशन से जुड़ा हुआ है।
एनएचआरसी के बयान में कहा गया है कि उस ऑर्गनाइजेशन से जुड़े एक विजिटिंग कार्ड पर भी 'वेंकटेश, स्टेट चेयरमैन, कर्नाटक' लिखा हुआ है।
मामले की गंभीरता को देखते हुए, उसने मामले का खुद संज्ञान लिया है। उसने कहा कि अपनाया गया नाम और डेजिग्नेशन 'चेयरमैन' गुमराह करने वाला है और कन्फ्यूजन पैदा करता है। इसमें कहा गया है कि गलत नामों से लोगों को यह यकीन हो जाता है कि ये संगठन या तो एनएचआरसी का हिस्सा हैं या ह्यूमन राइट्स के मामलों से निपटने के लिए उससे मान्यता प्राप्त/अधिकृत हैं।
कमीशन का मानना है कि ऐसे गलत नामों के चलते लोगों का भरोसा कम हो सकता है, काम का गलत इस्तेमाल हो सकता है, फंड की हेराफेरी हो सकती है और सरकारी अधिकारियों को एनएचआरसी जैसी कानूनी संस्था और एनजीओ के बीच फर्क करने में कन्फ्यूजन हो सकता है, बयान में कहा गया है।

एनएचआरसी ने कहा कि उसने पहले भी अपने नाम और लोगो के गलत इस्तेमाल को लेकर अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर चिंता जताई थी और संबंधित अधिकारियों को ऐसे संदिग्ध संगठनों के पीछे के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था।
इसमें कहा गया, 'हालांकि, उल्लंघन हमारे ध्यान में आते रहते हैं।' इसलिए, कमीशन ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस डायरेक्टर जनरल को नोटिस जारी किया है कि वे ऐसे एनजीओ/लोगों की पहचान करें जो एनएचआरसी के नाम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं या धोखे से मिलते-जुलते नामों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन पर दो सप्ताह के अंदर तुरंत कानूनी कार्रवाई करें, जिसमें नियमों का उल्लंघन करके हासिल किए गए रजिस्ट्रेशन को कैंसिल करना भी शामिल है।
उनसे यह भी कहा गया है कि वे रजिस्टरिंग अधिकारियों को सतर्क रहने और डिफॉल्टरों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करने के लिए जागरूक करें।
इसके अलावा, एनएचआरसी के इस मामले में, कर्नाटक के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस डायरेक्टर जनरल और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस कमिश्नर को दो सप्ताह के अंदर एनजीओ के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है, जिसका ऑफिस कर्नाटक में है और जो दिल्ली में रजिस्टर्ड है।

Source: https://thebharatnow.in/chhattisgarh/charandas-mahant-wrote-to-the-national-human-rights-commission-regarding-the-death-of-an-elderly-man-in-balrampur-accusing-the-sdm-of-murder/

बलरामपुर में बुजुर्ग की मौत को लेकर चरणदास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र, SDM पर हत्या का आरोप

छत्तीसगढ़ | February 19, 2026 | Updated: February 19, 2026
By Pradesh Live

CG News: छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में 16 फरवरी को कुछ ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई थी. इस मारपीट के कारण एक बुजुर्ग की मौत हो गई. आरोप है कि SDM द्वारा ग्रामीणों से मारपीट की गई थी. अब इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखा है. इस पत्र के जरिए उन्होंने आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

जांच के लिए चरणदास महंत ने लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में एक बुजुर्ग आदिवासी की मृत्यु के मामले में हस्तक्षेप किया है. उन्होंने इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखा है. उन्होंने इस घटना को मानवता पर कलंक बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

डॉ. चरणदास महंत ने अपने पत्र में लिखा है कि हंसपुर गांव में SDM स्तर के अधिकारी द्वारा की गई प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान कथित रूप से अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक निर्दोष बुजुर्ग आदिवासी की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर है, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर है.

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था के नाम पर हुई इस घटना ने प्रशासनिक जवाबदेही और आदिवासी समुदाय के मौलिक अधिकारों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं.

क्या है पूरा मामला?

पूरा मामला 16 फरवरी 2026 का है. बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में SDM करुण कुमार डहरिया और उनकी टीम अवैध उत्खनन रोकने के लिए पहुंची थे. आरोप है कि इस दौरान SDM करुण और उनकी टीम ने बिना कोई पूछताछ किए सीधे ग्रामीणों मारपीट शुरू कर दी. SDM करुण डहरिया पर 3 ग्रामीणों के साथ मारपीट के आरोप हैं. इनमें से एक ग्रामीण की मौत हो गई. इस पूरे मामले में SDM करुण डहरिया को निलंबित भी कर दिया गया है.

Source: https://www.jansatta.com/jansatta-special/exclusive-investigation-punjab-police-conducted-34-encounters-in-three-months-one-third-died-in-custody/4416061/lite/

पड़ताल: पंजाब पुलिस ने तीन महीने में किए 34 एनकाउंटर, एक तिहाई कस्टडी में मरे

पंजाब पुलिस का तर्क रहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। कई मामलों में आरोपियों को रिकवरी के लिए ले जाया जा रहा था और उसी दौरान मुठभेड़ हुई।
Written by कमलदीप बरार Edited by Sudhanshu Maheshwari
नई दिल्ली | Updated: February 19, 2026 13:08 IST
पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान पुलिस द्वारा कई एनकाउंटर किए गए हैं। आंकड़े इस बात की तस्वीर पेश करते हैं। बड़ी बात यह है कि ज्यादातर एनकाउंटर पुलिस कस्टडी के दौरान हुए हैं। पिछले साल नवंबर में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा था कि अप्रैल 2022 से अब तक राज्य पुलिस द्वारा 324 एनकाउंटर किए गए हैं। इनमें 24 लोगों की मौत हुई है और 515 को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी ने यह भी बताया था कि गिरफ्तार किए गए 515 गैंगस्टरों में से 319 को गोली लगी थी।
यह बयान उस समय आया था जब नेशनल ह्यूमन राइट्स कमिशन (NHRC) ने पंजाब की गृह सचिव को नोटिस भेजा था। आरोप लगाए गए थे कि राज्य में "स्टेट सैंक्शनड एक्स्ट्रा-ज्यूडिशियल किलिंग" हो रही है।
अब डीजीपी की ओर से आंकड़े पेश कर दिए गए, लेकिन एनकाउंटर की घटनाओं में कमी नहीं दिखी। पिछले तीन महीनों के आंकड़े बताते हैं कि पंजाब पुलिस ने लगभग हर तीसरे दिन एक एनकाउंटर किया। तीन महीनों में कुल 34 एनकाउंटर हुए, जिनमें 5 मौतें हुईं और 45 लोग घायल हुए। इंडियन एक्सप्रेस ने पंजाब सरकार, गृह विभाग और पुलिस को विस्तृत प्रश्न भेजे थे, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।
एनकाउंटर का पैटर्न
अधिकांश मामलों में पुलिस का तर्क रहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। कई मामलों में आरोपियों को रिकवरी के लिए ले जाया जा रहा था और उसी दौरान मुठभेड़ हुई। 8 मामलों में पुलिस पर भी फायरिंग हुई, लेकिन पुलिसकर्मी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बच गए। पुलिस का कहना है कि गोली केवल पैरों पर चलाई जा रही है। जिलेवार स्थिति की बात करें तो भटिंडा, फरीदकोट, मुक्तसर, मोगा, होशियारपुर और फाजिल्का में एक-एक मामला सामने आया। पटियाला, बटाला, खन्ना, फिरोजपुर, मोहाली, तरनतारन और जालंधर में दो-दो मामले दर्ज हुए। लुधियाना में पांच मामले सामने आए। अमृतसर में भी कई केस दर्ज किए गए। 2024 में पंजाब पुलिस ने 64 एनकाउंटर किए। इनमें 4 मौतें हुईं और एक पुलिसकर्मी शहीद हुआ। 56 आरोपी और 9 पुलिस अधिकारी घायल हुए।

प्रमुख एनकाउंटर की लिस्ट
11 नवंबर
आरोपी हरकरण सिंह और गुरतेज सिंह एक हत्या में शामिल थे। खन्ना पुलिस के साथ उनका एनकाउंटर हुआ। एसएसपी ज्योति यादव के अनुसार, हरकरण ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसमें एक सब-इंस्पेक्टर घायल हुआ। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की और हरकरण के पैर में गोली लगी। गुरतेज सिंह इमारत की पहली मंजिल से कूद गया, जिससे वह घायल हो गया।
12 नवंबर
डेरा बस्सी में गोल्डी ढिल्लों गैंग के सदस्य शरणजीत सिंह और अमन कुमार के साथ मुठभेड़ हुई। एसएसपी हरमंदीप हंस के अनुसार, दोनों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने फायरिंग की और दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी।
15 नवंबर
फरीदकोट पुलिस ने प्रभ दसुवाल गैंग के अर्शदीप सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाला है। नाकाबंदी के दौरान उसने पुलिस टीम पर हमला किया। जवाबी फायरिंग में वह घायल हुआ और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।
4 दिसंबर
शूटर दलेर सिंह का एनकाउंटर पुलिस कस्टडी के दौरान हुआ। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के अनुसार, उसे रिकवरी के लिए ले जाया जा रहा था। उसने अचानक हथियार निकालकर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी।
6 दिसंबर
श्री मुक्तसर साहिब पुलिस ने किडनैपिंग और नाबालिग हत्या मामले में मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, उसने भागने की कोशिश की और पुलिस पर गोली भी चलाई। उसके बाद मुठभेड़ हुई और उसे गोली लगी।
15 दिसंबर

अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने वंशप्रीत सिंह और भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा था कि दोनों लंबे समय से एक्सटॉर्शन और लूट के मामलों में शामिल थे। मुठभेड़ के दौरान फायरिंग हुई।

27 दिसंबर

राजगढ़ गांव में आरोपी इंद्रजीत सिंह और गुरवीर सिंह ने सरपंच पर गोली चलाई थी। एसएसपी ज्योति यादव के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान इंद्रजीत ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी।

6 जनवरी

तरनतारन जिले में गैंगस्टर प्रभ दासुवाल और अफरीदी का करीबी हरनौर पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। डीआईजी बॉर्डर रेंज के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि नूर बाइक से आ रहा है। ऐसे में पुलिस ने उसका पीछा किया और आरोपी ने गोली चलाई, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई हुई। उसी मुठभेड़ में उसकी मौत हुई।

7 जनवरी

अमृतसर में गुरपीत सिंह लाल वेपन रिकवरी के दौरान भागने की कोशिश में घायल हुआ। पुलिस के अनुसार, उसने गोली चलाई और जवाबी फायरिंग में जख्मी हुआ। इसके अलावा 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24 और 29 जनवरी को भी कई एनकाउंटर हुए। लगभग सभी मामलों में एक समान पैटर्न देखने को मिला- या तो आरोपी ने भागने की कोशिश की या दावा किया गया कि पहले गोली आरोपी ने चलाई।

एडवोकेट निखिल सराफ ने इन कथित फर्जी एनकाउंटर मामलों को गंभीरता से उठाया है। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार हर ऐसे एनकाउंटर में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए जहां आरोपी गंभीर रूप से घायल होता है। यदि किसी की मौत होती है तो मजिस्ट्रेट जांच अनिवार्य है। वरिष्ठ अधिवक्ता सरबजीत सिंह भी 1990 के दशक से ऐसे मामलों की समीक्षा कर रहे हैं। उनका कहना है कि चाहे एनकाउंटर स्पष्ट लगे, जांच होना आवश्यक है और न्यायपालिका को स्वत: ऐसे मामलों का संज्ञान लेना चाहिए।

Univarta, Online News, 20/02/2026

Source: https://www.univarta.com/story/India/news/3746419.html

एनएचआरसी ने अपने नाम और लोगो के एनजीओ द्वारा दुरुपयोग का स्वतः संज्ञान लिया

Uniindia News Service | भारत Posted at: Feb 19 2026 4:04PM

नयी दिल्ली, 19 फरवरी (वार्ता) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपने नाम और लोगो के गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा दुरुपयोग का स्वतः संज्ञान लिया है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने आज बताया कि आयोग को देशभर के व्यक्तियों और एनजीओ से मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन शिकायतों की जांच करते हुए आयोग ने पाया है कि कई गैर-सरकारी संगठनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नाम से मिलते-जुलते भ्रामक नामों से अपना पंजीकरण करा लिया है।

विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।.

Source: https://www.yugwarta.com/Encyc/2026/2/19/NHRC-NGO-DGP-NOTICE-DELHI-PUNJAB.amp.html

नाम, लोगो का दुरुपयोग करने वाले एनजीओ पर सख्ती, मानवाधिकार आयोग का राज्यों को नोटिस

19 Feb 2026 15:47:53

नई दिल्ली, 19 फरवरी (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिया है जो आयोग के नाम, लोगो और पदनामों का दुरुपयोग करके जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इस मामले को लेकर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सख्त कार्रवाई तथा दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

आयोग ने गुरुवार को बताया कि कई एनजीओ खुद को राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद जैसे नामों से पंजीकृत करवा रहे हैं, जो सुनने में आधिकारिक वैधानिक निकाय जैसा लगता है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ये संगठन अध्यक्ष जैसे पदनामों का उपयोग कर जनता में भ्रम पैदा कर रहे हैं। इन भ्रामक नामों के कारण लोग इन्हें आयोग का हिस्सा या उससे मान्यता प्राप्त समझ लेते हैं। इससे न केवल जनता का विश्वास कम हो रहा है बल्कि धन के गबन और जनादेश के दुरुपयोग की भी आशंका है।

आयोग के अनुसार हाल ही में एक मामला सामने आया है जहां राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद नाम का एक एनजीओ दिल्ली में पंजीकृत पाया गया जबकि वह कर्नाटक में सक्रिय है। इसके प्रचार सामग्री में नीति आयोग और विभिन्न मंत्रालयों से संबद्ध होने के बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को इस एनजीओ के पंजीकरण और गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

इन मामलों के मद्देनजर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और डीजीपी को नोटिस जारी करके निर्देश दिया है कि आयोग के नाम या लोगो का दुरुपयोग करने वाले व्यक्तियों और संगठनों की तत्काल पहचान की जाए। नियमों का उल्लंघन कर प्राप्त किए गए ऐसे पंजीकरण को तुरंत रद्द किया जाए। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पंजीकरण अधिकारियों को भविष्य के लिए सतर्क किया जाए।

हिन्दुस्थान समाचार / श्रद्धा द्विवेदी

Source: https://www.jagran.com/haryana/faridabad-surajkund-swing-accident-human-rights-commission-seeks-report-40147388.html?utm_source=article_detail&utm_medium=CRE&utm_campaign=latestnews_CRE

सूरजकुंड झूला हादसा: मानव आयोग ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट, सुरक्षा पर जीरो टॉलरेंस नीति का निर्देश

By Nibha Rajak Edited By: Rajesh Kumar
Updated: Thu, 19 Feb 2026 03:35 PM (IST)

मानव अधिकार आयोग ने 7 फरवरी को सूरजकुंड मेले में हुए झूले हादसे का संज्ञान लिया है। आयोग ने फरीदाबाद के डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा से एक महीने के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट में जांच के नतीजे, FIR की स्थिति और आरोपियों पर कार्रवाई शामिल होनी चाहिए। आयोग ने शहीद इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद के परिवार को मुआवजे और सार्वजनिक आयोजनों में पुलिस सुरक्षा पर भी रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने मेले में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी पर चिंता जताई है।

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद। ह्यूमन राइट्स कमीशन ने 39वें सूरजकुंड इंटरनेशनल सेल्फ-रिलायंट क्राफ्ट्स मेले में 7 फरवरी को हुए झूले हादसे का संज्ञान लिया है और अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। डिस्ट्रिक्ट डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा को एक महीने के अंदर एक डिटेल्ड रिपोर्ट देने को कहा गया है, जिसमें जांच कमिटी के नतीजे, FIR का मौजूदा स्टेटस और आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई शामिल हो।

शहीद इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद के परिवार को दिए गए मुआवजे और पब्लिक इवेंट्स में तैनात पुलिसवालों की सुरक्षा पक्का करने के लिए उठाए गए कदमों पर भी रिपोर्ट मांगी गई है।

कमीशन के चेयरपर्सन जस्टिस ललित बत्रा, कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने बताया कि सुनामी झूला, जो लगभग 26 लोगों के साथ पूरी कैपेसिटी से चल रहा था, अचानक गिर गया। हादसे में 13 से ज़्यादा लोग घायल हो गए, जबकि इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद ने दूसरों को बचाने की कोशिश में अपनी जान गंवा दी।

हरियाणा सरकार, हेरिटेज और टूरिज्म डिपार्टमेंट और सूरजकुंड मेला अथॉरिटी को मेलों और अम्यूजमेंट राइड्स के लिए मौजूदा सेफ्टी गाइडलाइंस पर एक डिटेल्ड रिपोर्ट देने और उन्हें मजबूत करने के लिए सुझाए गए कदमों के बारे में बताने को कहा गया है।

एक ही दिन में दो घटनाएं

घटना वाले दिन, कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा, सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया, और रजिस्ट्रार (ज्यूडिशियल) संजय कुमार खंडूजा मेले में कमीशन के अवेयरनेस कैंप में मौजूद थे। दोपहर में, तेज हवाओं के कारण फूड कोर्ट एरिया के पास एक टेम्पररी एंट्रेंस गेट गिर गया, जिससे दो-तीन लोग घायल हो गए। इसके तुरंत बाद, एक झूले के गिरने की खबर मिली। कमीशन ने कहा कि मेले में लगाए गए एंट्रेंस गेट, स्टॉल और मनोरंजन की सवारी टेम्पररी और नाजुक थीं। यह गंभीर लापरवाही दिखाता है।

कमीशन का जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाने का निर्देश

सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट्स मेले में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कमीशन ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को पब्लिक सेफ्टी पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाने का निर्देश दिया है। साथ ही, मल्टी-डिसिप्लिनरी टेक्निकल कमेटी (स्ट्रक्चरल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी एक्सपर्ट, फायर ऑफिसर और डिजास्टर मैनेजमेंट ऑफिसर) से पहले सर्टिफिकेशन के बिना मेला शुरू न करने और सभी झूलों, एंट्रेंस गेट, स्टॉल और टेम्पररी स्ट्रक्चर का सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश दिए गए हैं।

वेन्यू पर काफी संख्या में इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, एम्बुलेंस, फायर व्हीकल, फर्स्ट एड स्टेशन और ट्रेंड रेस्क्यू स्टाफ तैनात करने और सेफ्टी स्टैंडर्ड के उल्लंघन के मामले में ऑर्गनाइजर और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सज़ा देने वाली और डिसिप्लिनरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

Source:
https://www.univarta.com/%E0%A4%8F%E0%A4%A8%E0%A4%8F%E0%A4%9A%E0%A4%86%E0%A4%B0%E0%A4%B8-%E0%A4%A8-%E0%A4%95%E0%A4%B0-%E0%A4%A8-%E0%A4%9F%E0%A4%95-%E0%A4%AC-%E0%A4%B8-%E0%A4%AB-%E0%A4%9F-%E0%A4%AE-%E0%A4%A6-%E0%A4%B2-%E0%A4%97-%E0%A4%95-%E0%A4%AE-%E0%A4%A4-%E0%A4%AA%E0%A4%B0-%E0%A4%B8-%E0%A4%B5%E0%A4%A4-%E0%A4%B8-%E0%A4%9C-%E0%A4%9E-%E0%A4%A8-%E0%A4%B2-%E0%A4%AF/india/news/3746554.html

एनएचआरसी ने कर्नाटक बिस्फोट में दो लोगों की मौत पर स्वत: संज्ञान लिया

Uniindia News Service | भारत Posted at: Feb 19 2026 5:06PM
नयी दिल्ली 19 फरवरी (वार्ता) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक में मांड्या जिले के बसारालू इलाके में एक रसायन प्लांट में हुए विस्फोट से दो लोगों की मौत और चार अन्य के गंभीर रूप से घायल होने का स्वत: संज्ञान लिया और राज्य के मुख्य सचिव एवं मांड्या के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है।
एनएचआरसी ने आज बताया कि आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि 15 फरवरी को कर्नाटक के मांड्या जिले के बसारालू इलाके में एक केमिकल प्लांट में हुए बिस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट में स्थानीय लोगों ने कहा कि बिस्फोट लापरवाही के कारण हुआ क्योंकि सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।
विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।.

Source: https://aajkijandhara.com/urban-administration-cracks-down-orders-for-the-third-time-prohibit-family-members-from-interfering-in-the-work-of-women-public-representatives/

नगरीय प्रशासन की सख्ती : महिला जनप्रतिनिधियों के कामकाज में परिजनों के दखल पर तीसरी बार रोक के आदेश

Uma Baghel | February 19, 2026

आदेश के बावजूद अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही नहीं की जा रही

सरकार व सत्ताधारी पार्टी का दबाव आदेश के पालन में अड़चन

दिलीप गुप्ता

सरायपाली : महिलाओं के सशक्तिकरण व उनको राजनीतिक रूप से मजबूत किये जाने वी उनके कार्यों में उनके परिजनों के हस्तक्षेप को रोके जाने हेतु नगरीय प्रशासन द्वारा तीसरी बार आदेश जारी किया गया है । यह आदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप व आदेश पुनः जारी किया गया । संचनालय द्वारा एक ही विषय को लेकर तीसरी बार आदेश जारी किया जाना ही यह दर्शाता है कि संबंधित अधिकारियों व विभाग द्वारा जारी आदेश को मूल भावनाओं के अनुरूप आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है ।यह कृत्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ ही अपने उच्च अधिकारियों के आदेश व निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाना भी है जो एक गंभीर व चिंताजनक भी है ।

देश में आधी आबादी के नाम से पहचाने जाने वाली महिला आबादी को सक्रिय राजनीति , सामाजिक व अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाये जाने हेतु आरक्षण की सुविधाएं भी प्रदान की गई है ताकि वे प्रत्येक क्षेत्र में खासकर चुने हुवे जनप्रतिनिधियों के रूप में अपने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभा सके । जिससे उनके सक्रियता से वे अनुभव व कार्य किए जाने की क्षमता के साथ साथ मानसिक, सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में पहचान बना कर अपने अपने क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास भी कर सके । पुरुषों के साथ वे कंधे से कंधे मिलकर बराबर चल सकें । किंतु सरकार व महिलाओं की इस भावनाओं व उद्देश्यों को स्वयं चुने हुवे महिलाएं , महिलाओं के परिजन व संबंधित अधिकारियों द्वारा ही पलीता लगाया जा रहा है जिससे सरकार के महिला सशक्तीकरण की भावनाओं को आघात लग रहा है ।

इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा क्र./शा-1/विविध/7062/2025/12541 दिनांक 3-2-26 को पुनः एक पत्र राज्य के समस्त आयुक्त नगर पालिक निगम व समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत को पत्र जारी करते हुवे कहा गया है कि नगरी निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार /नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि/लायज़न पर्सन के नियुक्ति पर रोक के संबंध में शासन के पत्र क्र. VIGI-2904/2/2025-UAD दिनांक 12.12.2025 के तहत समस्त नगरीय निकायों को निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार / नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि/लायज़न पर्सन के नियुक्ति पर रोक हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त संबंध में अपने निकायों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार/नातेदार जो नामांकित जनप्रतिनिधि हैं, के संबंध में जानकारी निर्धारित प्रपत्र-01 में अविलंब क्षेत्रीय संयुक्त संचालक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किये जाने हेतु आदेशित किया गया है ।

ज्ञातव्य हो कि प्रपत्र 01 एक तह का प्रोफार्मा होता है जो पत्र के साथ संलग्न किया जाता है । इस पत्र में संबंधित महिला जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदारों / नातेदारों व परिजनों के नामों की जानकारी दी जानी होती है ताकि सरकार व विभागों के पास उनकी जानकारी उपलब्ध हो सके ।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा महिलाओं के कार्यों में उनके पति , पुत्र व अन्य परिजनों द्वारा लगातार किए जा रहे हस्तक्षेप को संज्ञान में लेते हुवे सरकारवको इसे रोके जाने हेतु आदेशित किया गया था। सरकार व संचनालय द्वारा पूर्व में इस संबंध में पहली बार पत्र क्रमांक 4426/3946/18/2010 दिनांक 20/08/2010 तथा viji 2904/2/2025/UAD दिनांक 12/12/2025 के तहत दो बार इस दूषित प्रॉक्सी प्रचलन को रोके जाने हेतु आदेश जारी किया गया था । संचनालय द्वारा विगत 13/2/2026 को पुनः तीसरी बार आदेश जारी करने के पीछे यह स्पष्ट उद्देश्य है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्व में दिये गये विभागीय आदेशों व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का शब्दशः पालन नहीं किया गया । अब अभी कुछ दिनों पूर्व किए गये आदेश का पालन किया जायेगा या होगा इसकी कोई गारंटी विभाग या सरकार लेगी यह आने वाला समय बतायेगा ।

ज्ञातव्य हो कि आज भी सरायपाली के अनुविभागीय क्षेत्र में नगरपालिका , ग्रामपंचायतों , जनपद पंचायतों व जिला जनपद में चुने हुवे महिला जनप्रतिनिधियों को स्थानीय स्तर पर आयोजित शासकीय , सामाजिक , धार्मिक , खेलकूद , सांस्कृतिक कार्यक्रमों , बैठकों व अन्य गतिविधियों में नाम तो इन महिलाओ का होता है पर कार्यक्रमों में महिलाओं के स्थान पर उनके पति , पुत्र व अन्य परिजन " प्रतिनिधि " के रूप में शामिल होते हैं । कार्यक्रमों में उनका सम्मान , स्वागत , भाषण भी इसी नाम से किया जाता है । अभी एक विभाग द्वारा संभागीय स्तर पर विभिन्न स्थानों पर रजत जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था जिनमें अधिकांश कार्यक्रमों में यही लोग " प्रतिनिधि " के रूप में शामिल हुवे थे । यहां तक कि उनकी वाहनों , नेम प्लेटो , बैनरों , फ्लेक्सो , आमंत्रण , निमंत्रण पत्रों व अखबारों में आने वाले विज्ञापनों में भी संबंधित महिलाओं के "प्रतिनिधि " के रूप में इनका नाम प्रकाशित होते दिखाई देता है । स्वयं महिलाएं ऐसे कार्यक्रमों में न आती हैं न उन्हें आने दिया जाता है । ऐसे में महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य कैसे सफल होगा । सबसे गंभीर सवाल यह है कि 2-2 बार इस प्रक्रिया को रोके जाने हेतु आदेश पारित किये जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा इसे गंभीरता से रोक न लगाकर स्वयं लगातार

गलती कर रहे हैं । विभिन्न विभागो द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में स्वयं इन प्रतिनिधियों पर रोक लगाए जाने के स्थान पर उनका बाकायदा स्वागत , सत्कार , भाषण ,सम्मान आदि किया जाता है । जब अधिकारियों द्वारा ही शासकीय आदेशों की धज्जियां उड़ाई जायेगी तो कथित प्रॉक्सी/ लायजन पर्सन/पति /पुत्र/ नातेदार /रिश्तेदार प्रतिनिधियों पर शासन के मंशानुसार रोक कैसे लग पाएगी व निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का मान , सम्मान , अनुभव , सक्रियता व महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य कैसे सफल हो पायेगा।

Source: https://hindi.livelaw.in/amp/jharkhand-high-court/justice-ms-sonak-justice-rajesh-shankar-section-176-1a-of-crpc-judicial-inquiry-judicial-custody-custodial-rape-custodial-death-523791

हिरासत में 437 मौतों पर झारखंड हाइकोर्ट सख्त, मजिस्ट्रेट जांच अनिवार्य, राज्य से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

By - Amir Ahmad | Update: 2026-02-19 09:00 GMT

झारखंड हाइकोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 176(1-क) (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 196) के तहत पुलिस या न्यायिक हिरासत में मृत्यु, लापता होने या दुष्कर्म के हर मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा न्यायिक जांच अनिवार्य है। अदालत ने राज्य सरकार से इस संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी, क्योंकि राज्य ने खुलासा किया कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच 437 लोगों की हिरासत में मौत हुई।

चीफ जस्टिस एम. एस. सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में मांग की गई कि हिरासत में मृत्यु लापता होने या दुष्कर्म के सभी मामलों में न्यायिक जांच की वैधानिक अनिवार्यता का पालन सुनिश्चित किया जाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल द्वारा दायर शपथपत्र का उल्लेख किया। शपथपत्र के साथ तालिका संलग्न थी, जिसमें बताया गया कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच 437 व्यक्तियों की पुलिस या न्यायिक हिरासत में मृत्यु हुई। हालांकि तालिका में यह उल्लेख था कि मृत्यु की सूचना मजिस्ट्रेट को दी गई या नहीं लेकिन अधिकांश मामलों में यह स्पष्ट नहीं था कि धारा 176(1-क) के तहत अनिवार्य न्यायिक जांच वास्तव में कराई गई या नहीं।

अदालत ने कहा कि यह मामला काफी समय से लंबित है और पहले भी राज्य को कई अवसर दिए जा चुके हैं कि वह वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन से संबंधित पूरी जानकारी शपथपत्र के माध्यम से दे।

प्रावधान के उद्देश्य पर जोर देते हुए पीठ ने कहा कि धारा 176(1-क) स्पष्ट रूप से यह अनिवार्य करती है कि पुलिस जांच के अतिरिक्त, संबंधित क्षेत्राधिकार के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा स्वतंत्र न्यायिक जांच भी की जाए ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

अदालत ने अपने आदेश में कहा,

“इन 437 मौतों के संबंध में क्या न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कोई जांच की गई, यह जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए हम झारखंड सरकार के गृह सचिव को निर्देश देते हैं कि वे इस संबंध में शपथपत्र दाखिल करें। यदि पुलिस जांच के अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कोई जांच नहीं कराई गई तो ऐसे मामलों का विवरण भी शपथपत्र में दिया जाए। शपथपत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के अनुपालन की स्थिति भी स्पष्ट की जाए क्योंकि उपलब्ध आंकड़ों में वर्ष 2023 से 2025 तक की हिरासत मौतें भी शामिल हैं।”

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य द्वारा दायर किए जाने वाले शपथपत्र में यह स्पष्ट किया जाए कि हिरासत में मौत के मामलों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया या नहीं।

खंडपीठ ने कहा कि वर्तमान शपथपत्र और तालिका से यह स्पष्ट नहीं है कि मृत्यु के कारण का निर्धारण केवल पुलिस अधिकारियों द्वारा किया गया या कानून के तहत अनिवार्य स्वतंत्र न्यायिक जांच भी कराई गई। अदालत ने कहा कि हिरासत में बड़ी संख्या में हुई मौतों को देखते हुए यह आवश्यक है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका को समाप्त करने के लिए बनाए गए वैधानिक सुरक्षा उपायों का पालन हुआ या नहीं।

अदालत ने झारखंड सरकार के गृह सचिव को 13 मार्च, 2026 तक विस्तृत और समग्र शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च 2026 को निर्धारित की गई।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-nhrc-acts-against-ngos-misusing-name-logo-across-states-40147949.html

फर्जी 'NHRC' संगठनों पर आयोग का स्वतः संज्ञान, नाम और लोगो के दुरुपयोग पर सभी राज्यों को भेजा नोटिस

By Ritika Mishra Edited By: Neeraj Tiwari
Updated: Thu, 19 Feb 2026 11:05 PM (IST)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने अपने नाम और लोगो का दुरुपयोग करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ऐसे भ्रामक संगठनों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

HighLights

NHRC ने नाम और लोगो के दुरुपयोग पर स्वतः संज्ञान लिया।
सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश।
दिल्ली में फर्जी 'नेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल' पर कार्रवाई शुरू।

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपने नाम और लोगो का दुरुपयोग करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के खिलाफ स्वत संज्ञान लेते हुए देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा कि उसके नाम से मिलते-जुलते भ्रामक संगठनों की गतिविधियां जारी रहना सार्वजनिक विश्वास को नुकसान पहुंचा सकता है।

दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी

हाल ही में आयोग के संज्ञान में नेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल (एनएचआरसी) नाम से एक एनजीओ आया, जो वर्ष 2022 में दिल्ली में पंजीकृत हुआ था और अपने प्रचार सामग्री में विभिन्न सरकारी संस्थाओं से संबद्ध होने का दावा कर रहा था। संगठन के विजिटिंग कार्ड पर प्रदेश अध्यक्ष जैसे पदनाम भी दर्शाए गए, जिसे आयोग ने भ्रामक बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त से दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

पंजीकरण प्राधिकरणों को सतर्क करने का निर्देश

इसके साथ आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों व पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर ऐसे संगठनों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने, आवश्यक होने पर उनका पंजीकरण रद करने और संबंधित पंजीकरण प्राधिकरणों को सतर्क करने का निर्देश दिया है।

विश्वसनीयता पर असर पड़ने का खतरा

एनएचआरसी ने पाया कि कई एनजीओ स्वयं को ऐसे नामों से पंजीकृत करा रहे हैं जो आयोग के नाम से बेहद मिलते-जुलते हैं, जिससे आम जनता और सरकारी एजेंसियों में भ्रम पैदा होता है। आयोग के अनुसार इससे उसके अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग, फंड के संभावित दुरुपयोग और संस्थागत विश्वसनीयता पर असर पड़ने का खतरा है।

आयोग ने कहा कि पहले भी संबंधित प्राधिकरणों को ऐसे फर्जी या भ्रामक संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आगाह किया गया था, लेकिन उल्लंघन जारी रहने के कारण अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।